RPSC वरिष्ठ अध्यापक पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2013

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्न में से कौन सा युग्म सही है? **राजस्थान की स्थिति कुल भौगोलिक क्षेत्र वर्ग किलो मीटर में**

(A) $23°3' - 30°12'$ N और $69°30' - 78°17'$ E — 342239.74 ✓

(B) $23°30' - 30°13'$ N और $69°30' - 78°21'$ E — 342245.69

(C) $23°25' - 30°12'$ N और $69°29' - 78°25'$ E — 342241.33

(D) $23°28' - 30°14'$ N और $69°21' - 78°24'$ E — 342243.67

Q.2

1000 मिलीबार की समदाब रेखा जुलाई माह में गुजरती है :

(A) सिरोही, उदयपुर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ से ✓

(B) सिरोही, चित्तौड़गढ़, कोटा और बाराँ से

(C) जालौर, पाली, अजमेर एवं करौली से

(D) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा एवं बाराँ से

Q.3

अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थान की नदी प्रणालियों का सही अवरोही क्रम है :

(A) चम्बल, लूनी, माही, बनास

(B) चम्बल, लूनी, बनास, माही

(C) बनास, चम्बल, लूनी, माही ✓

(D) बनास, चम्बल, माही, लूनी

Q.4

राजस्थान में प्रथम योजना काल से अब तक फसलों के प्रतिरूप में क्या परिवर्तन (आंकड़े पूर्णांक में) घटित हुए हैं?

(i) अनाज की फसलों का क्षेत्रफल 42% से बढ़कर 56% हो गया है।
(ii) दालों का क्षेत्रफल 21% से घटकर 18% रह गया है।
(iii) तिलहनों का क्षेत्रफल 6% से बढ़कर 21% हो गया है।
(iv) कपास, गन्ना, ग्वार, चारा फसलों, फल, सब्जी एवं मसालों का क्षेत्रफल 19% से बढ़कर 20% हो गया है।

नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) (i), (ii) एवं (iii) ✓

(B) (i), (iii) एवं (iv)

(C) (ii) एवं (iv)

(D) (ii) एवं (iii)

Q.5

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.6

औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर राजस्थान के कौनसे जिले 'A' श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं-

(A) उदयपुर, अलवर, कोटा, भीलवाड़ा ✓
(B) जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही
(C) भरतपुर, चित्तौड़गढ़, टोंक, करौली
(D) जयपुर व अलवर

Q.7

राजस्थान में निर्धनता उन्मूलन की आरम्भ की गई नवीनतम योजना है -

(A) पश्चिमी राजस्थान में निर्धनता निवारण प्रोजेक्ट (MPOWER) ✓
(B) स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY)
(C) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (MNREGS)
(D) जिला निर्धनता-पहल प्रोजेक्ट (DPIP)

Q.8

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (विकास क्षेत्र)	**सूची-II (बारहवीं पंचवर्षीय योजना में कुल बजट आवंटन का प्रतिशत)**
(i) कृषि एवं सहायक क्रियाएँ	(a) 6.41
(ii) ग्रामीण विकास	(b) 9.10
(iii) ऊर्जा	(c) 34.53
(iv) सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाएँ	(d) 37.43

(A) (i) - (a), (ii) - (b), (iii) - (c), (iv) - (d)
(B) (i) - (b), (ii) - (a), (iii) - (d), (iv) - (c)
(C) (i) - (d), (ii) - (c), (iii) - (b), (iv) - (a)
(D) (i) - (a), (ii) - (b), (iii) - (d), (iv) - (c) ✓

Q.9

राजस्थान में सीमेन्ट उत्पादन में प्रमुख जिले हैं :

(A) बून्दी, चित्तौड़गढ़, कोटा, सिरोही एवं उदयपुर ✓
(B) चित्तौड़गढ़, उदयपुर, प्रतापगढ़ एवं बाँसवाड़ा
(C) सिरोही, कोटा, डूंगरपुर एवं बाँसवाड़ा
(D) कोटा, बून्दी, टोंक एवं भीलवाड़ा

Q.10

जैसलमेर में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा विकसित मौलिक पारम्परिक वर्षा जल संचयन पद्धति का नाम है —

(A) बावड़ी
(B) खड़ीन ✓
(C) कुण्ड
(D) उकेरी

Q.11

निम्नांकित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) गणेश्वर एक उत्खनन स्थल नहीं है ।

(B) बैराठ एक ग्राम्य-संस्कृति केन्द्र था ।

(C) कालीबंगा लौह-युग संस्कृति का एक उदाहरण था ।

(D) आहड़वासियों का महत्त्वपूर्ण व्यवसाय अयस्क तांबे का गलाना तथा ताम्र वस्तुएँ बनाना था । ✓

Q.12

निम्नांकित में किस इतिहासवेत्ता ने कालीबंगा को सिन्धु घाटी साम्राज्य की तृतीय राजधानी कहा है ?

(A) जी. एच. ओझा

(B) श्यामल दास

(C) दशरथ शर्मा ✓

(D) दयाराम साहनी

Q.13

राजस्थान में प्रतिहार वंश के संस्थापक हरिश्चन्द्र की राजधानी थी :

(A) मेड़ता

(B) जालौर

(C) भीनमाल

(D) मण्डोर ✓

Q.14

पृथ्वीराज चौहान तृतीय का समकालीन चन्देल शासक था :

(A) परमार्थी देव ✓

(B) जयवर्मा

(C) कीर्तिवर्मा

(D) यशोवर्मा

Q.15

अलाउद्दीन खिलजी की निम्नांकित विजयों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

A. रणथम्भौर
B. जालौर
C. चित्तौड़
D. सिवाना

(A) A, C, D, B ✓

(B) A, B, C, D

(C) A, B, D, C

(D) A, C, B, D

Q.16

1572-73 ई. में अकबर ने जोधपुर किसको सुपुर्द किया ?

(A) मोटा राजा उदयसिंह

(B) बीकानेर के रायसिंह ✓

(C) आमेर के मानसिंह

(D) मालदेव के ज्येष्ठ पुत्र राम

Q.17

राणा राजसिंह (मेवाड़) समकालीन था :

(A) अकबर
(B) जहाँगीर
(C) औरंगजेब ✓
(D) शाहजहाँ

Q.18

कतिपय राजपूत शासकों की सूची नीचे दी जा रही है : A. राणा सांगा B. चन्द्रसेन C. मानसिंह D. रायसिंह इनमें से किन्हीं दो का चयन करें जिन्होंने मुगलों को सहयोग किया :

(A) C और D ✓
(B) A और B
(C) B और C
(D) A और D

Q.19

साधु सीताराम दास किस कृषक आन्दोलन से सम्बन्धित था ?

(A) बिजौलिया ✓
(B) शेखावाटी
(C) सीकर
(D) बून्दी

Q.20

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए एवं निम्न दिये हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (प्रजामण्डल (राज्यों))	**सूची-II (इनके निर्माण वर्ष)**
I. डूंगरपुर	(a) 1931
II. जयपुर	(b) 1936
III. बीकानेर	(c) 1938
IV. अलवर	(d) 1944

(A) I-(d), II-(a), III-(c), IV-(b)
(B) I-(d), II-(a), III-(b), IV-(c) ✓
(C) I-(a), II-(b), III-(c), IV-(d)
(D) I-(b), II-(d), III-(a), IV-(c)

Q.21

अजमेर का राजस्थान में विलय हुआ था :

(A) 1947 ई. में
(B) 1949 ई. में
(C) 1950 ई. में
(D) 1956 ई. में ✓

Q.22
सिरोही का राजस्थान में विलय कितने सोपानों में हुआ ?

(A) एक
(B) दो ✓
(C) तीन
(D) चार

Q.23
राजस्थान के स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान गिरफ्तार होने वाली राजस्थान की पहली महिला थी :

(A) नगेन्द्र बाला
(B) अन्जनादेवी चौधरी ✓
(C) रत्न शास्त्री
(D) रमादेवी पाण्डे

Q.24
निम्न में से कौनसा कथन नारायणी देवी वर्मा के सन्दर्भ में गलत है ?

(A) वह 1970 से 1976 तक राज्यसभा की सदस्या रही
(B) उसने 1944 में भीलवाड़ा में महिला आश्रम की स्थापना की
(C) वह 1957 से 1962 तक लोकसभा की सदस्या रही ✓
(D) उन्हें 1942 के आन्दोलन में भाग लेने के लिए जेल जाना पड़ा

Q.25
अजमेर के ख्वाजा मोइनुद्दीन किस सूफी सिलसिला से सम्बन्धित है ?

(A) सुहरावर्दी
(B) कादिरी
(C) चिश्ती ✓
(D) नक्शबन्दी

Q.26
किस दुर्ग का प्रवेशद्वार 'नौलखा दरवाजा' के नाम से जाना जाता है ?

(A) चित्तौड़
(B) सिवाना
(C) जालौर
(D) रणथम्भौर ✓

Q.27
गोगाजी का मेला किस माह में भरता है ?

(A) भाद्रपद ✓
(B) माघ
(C) फाल्गुन
(D) श्रावण

Q.28

'मेमंद' आभूषण पहना जाता है -

(A) सिर पर ✓
(B) कमर पर
(C) भुजा पर
(D) पैरों पर

Q.29

तेजाजी के जन्मस्थल का नाम है -

(A) ददरेवा
(B) खड़नाल (खरनाल) ✓
(C) आसींद
(D) कोलू

Q.30

सूची-I से सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (लेखक)	सूची-II (ग्रन्थ)
(I) करणीदान	(a) अजितोदय
(II) दौलतविजय	(b) कान्हड़दे प्रबन्ध
(III) पद्मनाभ	(c) खुमाणरासो
(IV) जगजीवन भट्ट	(d) सूरजप्रकाश

(A) (I)-(d), (II)-(c), (III)-(b), (IV)-(a) ✓
(B) (I)-(b), (II)-(a), (III)-(d), (IV)-(c)
(C) (I)-(a), (II)-(b), (III)-(c), (IV)-(d)
(D) (I)-(d), (II)-(a), (III)-(b), (IV)-(c)

Q.31

किशनगढ़ शैली का प्रसिद्ध चित्रकार था :

(A) नागरीदास ✓
(B) रामलाल
(C) अलीराजा
(D) हसन

Q.32

रावणहत्था क्या है ?

(A) एक प्रकार का नृत्य
(B) वाद्ययंत्र ✓
(C) एक पुस्तक का शीर्षक
(D) स्थान का नाम

Q.33

राजस्थान में जब पहली बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया, राज्य के राज्यपाल थे :

(A) हुकुम सिंह
(B) जोगिंदर सिंह
(C) संपूर्णानंद ✓
(D) रघुकुल तिलक

Q.34
संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री किया जाता है :
(A) निर्वाचित
(B) नियुक्त ✓
(C) चयनित
(D) मनोनीत

Q.35
राज्य में 'संसदीय सचिव' किसके समक्ष शपथ लेता है या प्रतिज्ञान करता है ?
(A) राज्यपाल के
(B) मुख्यमंत्री के ✓
(C) विधानसभा-अध्यक्ष के
(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के

Q.36
राज्यपाल अपना त्याग-पत्र संबोधित करता है :
(A) राष्ट्रपति को ✓
(B) प्रधानमंत्री को
(C) संघ के गृह मंत्री को
(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को

Q.37
किसी राज्य के प्रशासनिक पदसोपान के शीर्ष पर होता है :
(A) मंत्रिमंडल सचिव
(B) प्रमुख शासन सचिव
(C) मुख्य सचिव ✓
(D) मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव

Q.38
राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की, अध्यक्ष सहित, कुल अनुमत संख्या है :
(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8 ✓

Q.39
भारतीय संविधान की कौनसी अनुसूची पंचायतों की शक्तियों से संबंधित है ?
(A) तीसरी
(B) चौथी
(C) दसवीं
(D) ग्यारहवीं ✓

Q.40

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(A) 1995 में
(B) 2000 में ✓
(C) 2001 में
(D) 2005 में

Q.41

राजस्थान से बजरंगलाल ताखर को पद्मश्री पुरस्कार 2013 के लिये चुना गया। वह संबंधित है -

(A) निशानेबाजी से
(B) तैराकी से
(C) तीरन्दाजी से
(D) नौकायन से ✓

Q.42

निम्न में से कौनसा युग्म सही नहीं है ?

(A) विजय कुमार - स्क्वैश ✓
(B) राहुल खत्री - कराटे
(C) सपन तिलोकनी - निशानेबाजी
(D) घमण्डा राम - एथलेटिक्स

Q.43

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

सूची-I (जिला)	**सूची-II (जनसंख्या घनत्व-2011)**
A जोधपुर	1 503
B कोटा	2 305
C अजमेर	3 374
D भरतपुर	4 161

कूट :

A	B	C	D
:—	:—	:—	:—

(A) 1 2 3 4
(B) 2 1 4 3
(C) 3 4 1 2
(D) 4 3 2 1 ✓

Q.44

निम्नलिखित लेखकों में से कौन 'ए हिस्ट्री ऑफ राजस्थान' के लेखक हैं ?

(A) रीमा हूजा ✓
(B) सतीश चन्द्रा
(C) सुमित सरकार
(D) आर. सी. मजूमदार

Q.45

निम्नलिखित योजनाओं पर विचार कीजिये :

A. जननी शिशु सुरक्षा योजना
B. स्वावलम्बन योजना
C. राष्ट्रीय महिला कोष
D. स्वयं सिद्धा योजना

उपर्युक्त योजनाओं का सही कालानुक्रम क्या है ?

(A) C, D, A, B
(B) B, C, D, A ✓
(C) A, D, C, B
(D) D, C, B, A

Q.46

राजस्थान में 'राजीव गाँधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार' प्रदान किये जाते हैं -

(A) राजीव गाँधी के जन्मदिन - 20 अगस्त को
(B) विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून को ✓
(C) ओजोन परत संरक्षण दिवस - 16 सितम्बर को
(D) पृथ्वी दिवस - 22 अप्रैल को

Q.47

हाल ही में यूनेस्को ने राजस्थान के 6 पहाड़ी किलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। ये हैं -

(A) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, गागरोन ✓
(B) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, बीकानेर
(C) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, जोधपुर
(D) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, गागरोन, जोधपुर

Q.48

रघुराम राजन की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान राज्य को माना गया है -

(A) सबसे कम विकसित राज्य ✓
(B) कम विकसित राज्य
(C) तुलनात्मक रूप से विकसित राज्य
(D) विकसित राज्य

Q.49

'राजस्थान रत्न' राजस्थान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। राज्य सरकार द्वारा इस पुरस्कार को शुरू किया गया था -

(A) वर्ष 2008 में
(B) वर्ष 2010 में
(C) वर्ष 2012 में ✓
(D) वर्ष 2013 में

Q.50

राजस्थान में अमृता सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है -

(A) राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रदान करना।

(B) महिला स्वयं-सहायता-समूहों के उत्पादों को विपणन के अवसर उपलब्ध करवाना। ✓

(C) ग्रामीण राजस्थान में सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध करवाना।

(D) डेयरी-उत्पादों के लिये विपणन के अवसर उपलब्ध करवाना।

Q.51

स्थानीय स्तर पर आकस्मिक एवं चरम पर्यावरणीय बदलाव के कारण का उदाहरण है -

(A) हरिकेन (प्रभंजन) ✓

(B) मानसून

(C) वनस्पतिक चरम

(D) उत्तर-हिमानी शीतलन

Q.52

सहारा मरूस्थल से होकर भूमध्य सागरीय क्षेत्र को प्रवाहित होने वाली गर्म-धूल भरी पवन जानी जाती है -

(A) सिरोक्को ✓

(B) फॉन

(C) मिस्ट्रल

(D) चिनूक

Q.53

सन् 2013 में विश्व पर्यावरण दिवस पर क्या नारा दिया गया था ?

(A) विचारिये, खाइये और बचाइये ✓

(B) जल बचाइये

(C) जैव विविधता बचाइये

(D) पृथ्वी बचाइये

Q.54

'चुम्बी घाटी' किन देशों के प्रतिच्छेदित स्थल पर स्थित है ?

(A) भारत, भूटान एवं तिब्बत ✓

(B) भारत, बंगलादेश और तिब्बत

(C) तिब्बत, भूटान एवं नेपाल

(D) नेपाल, भूटान एवं भारत

Q.55

चीन एवं जापान के मध्य सामरिक तनाव किस द्वीप से सम्बंधित है ?

(A) होकेडो

(B) सेनकाकू (दियाओयू) ✓

(C) क्यूशू

(D) शिकोकू

Q.56

निम्न में से कौनसा एक तत्व महासागरीय धाराओं को रूपान्तरित नहीं करता है ?

(A) महासागर तली की स्थलाकृति
(B) पवनों में मौसमी बदलाव
(C) तटीय रेखा की दिशा एवं आकृति
(D) महासागर में ज्वारीय लहरें ✓

Q.57

सिलीगुड़ी गलियारे से होकर कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है ?

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग-31 ✓
(B) राष्ट्रीय राजमार्ग-02
(C) राष्ट्रीय राजमार्ग-33
(D) राष्ट्रीय राजमार्ग-37

Q.58

'मेघालय' भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित राज्य का नाम सुझाया गया था -

(A) एस. पी. चटर्जी द्वारा ✓
(B) डी. एन. वाडिया द्वारा
(C) ओ. एच. पी. स्पेट द्वारा
(D) आर. एल. सिंह द्वारा

Q.59

कोसी एवं कालीसिन्ध नदियाँ जिस प्रवाह तंत्र से जुड़ी हैं, वह है -

(A) सिन्ध नदी
(B) आन्तरिक प्रवाह
(C) ब्रह्मपुत्र नदी
(D) गंगा नदी ✓

Q.60

वह साधन जिससे पृथ्वी पर सही स्थिति प्राप्त की जाती है -

(A) जी.पी.एस. ✓
(B) जी.आई.एस.
(C) पी.एस.एल.वी.
(D) जी.एस.एल.वी.

Q.61

औपनिवेशिक भारत में कौनसा संवैधानिक अधिनियम 'मोंटेग्यू घोषणा' की परिणति था ?

(A) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
(B) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
(C) भारतीय शासन अधिनियम, 1919 ✓
(D) भारतीय शासन अधिनियम, 1935

Q.62

संवैधानिक अधिनियम एवं उसके प्रमुख प्रावधान के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए :

(A) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 - परिषदों के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन ✓

(B) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 - मुस्लिमों के लिए पृथक् निर्वाचक-मण्डल

(C) भारतीय शासन अधिनियम, 1919 - प्रांतों में द्वैध शासन

(D) भारतीय शासन अधिनियम, 1935 - प्रांतीय स्वायत्तता

Q.63

महात्मा गाँधी की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का वार्षिक सम्मेलन 1924 ई. में हुआ था :

(A) काकीनाड़ा में

(B) अहमदाबाद में

(C) वर्धा में

(D) बेलगाँव में ✓

Q.64

स्वतंत्रता-संघर्ष के किस आंदोलन के दौरान गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर हुए ?

(A) असहयोग आंदोलन

(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन ✓

(C) भारत छोड़ो आंदोलन

(D) चंपारण सत्याग्रह

Q.65

संविधान सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) जवाहरलाल नेहरु

(B) के. एम. मुंशी

(C) बी. एन. राव

(D) बी. आर. अंबेडकर ✓

Q.66

भारतीय संविधान की कौनसी अनुसूची दल-बदल विरोधी कानून से संबंधित है ?

(A) चौथी अनुसूची

(B) आठवीं अनुसूची

(C) दसवीं अनुसूची ✓

(D) बारहवीं अनुसूची

Q.67

भारत एक 'गणराज्य' है, क्योंकि :

(A) राष्ट्रपति निर्वाचित होता है । ✓

(B) संसद द्वि-सदनात्मक है ।

(C) मंत्रिपरिषद लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है ।

(D) नागरिकों के मूल अधिकार संविधान द्वारा प्रत्याभूत हैं ।

Q.68

भारतीय संविधान में कौनसा मूल अधिकार मानव के दुर्व्यापार को निषिद्ध करता है ?

(A) शोषण के विरुद्ध अधिकार ✓
(B) स्वतंत्रता का अधिकार
(C) समता का अधिकार
(D) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Q.69

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) संसद कोई कानून नहीं बना सकती है, जो मूल अधिकारों का अतिक्रमण करे ।
(B) संसद संविधान संशोधन द्वारा मूल अधिकारों को परिवर्तित कर सकती है ।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है। हैं ?

(A) केवल (A)
(B) केवल (B)
(C) (A) और (B) दोनों ✓
(D) न (A), न ही (B)

Q.70

भारतीय संविधान के किस भाग में राज्य-नीति के निदेशक तत्वों का उल्लेख है ?

(A) भाग III
(B) भाग IV ✓
(C) भाग IV-क
(D) भाग V

Q.71

निम्नांकित में से किसका उल्लेख राज्य-नीति के निदेशक तत्वों में नहीं हुआ है ?

(A) कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी
(B) नागरिकों के लिए एक-समान सिविल संहिता
(C) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास ✓
(D) निःशुल्क विधिक सहायता

Q.72

राष्ट्रपति अपना त्याग-पत्र संबोधित करता है :

(A) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को
(B) भारत के महान्यायवादी को
(C) लोकसभा-अध्यक्ष को
(D) भारत के उप-राष्ट्रपति को ✓

Q.73

राष्ट्रपति के निर्वाचन से उत्पन्न विवादों की जाँच किसके द्वारा की जाती है ?

(A) भारत निर्वाचन आयोग
(B) उच्चतम न्यायालय ✓
(C) संसद
(D) भारत का महान्यायवादी

Q.74

निम्नांकित में से, कौन प्रधानमंत्री बनते समय राज्य सभा का सदस्य था/थी ?

(A) इंदिरा गाँधी ✓
(B) मोरारजी देसाई
(C) चरण सिंह
(D) वी. पी. सिंह

Q.75

प्रधानमंत्री किसे पद की शपथ दिलाता है ?

(A) उप-मंत्री को
(B) उप-प्रधानमंत्री को
(C) अस्थायी लोकसभाध्यक्ष को
(D) संसदीय सचिव को ✓

Q.76

निम्नांकित में से, भारतीय संविधान की कौनसी विशेषता स्वरूप में सच्चे तौर पर 'संघात्मक' नहीं है ?

(A) शासकीय शक्तियों का वितरण
(B) लिखित संविधान
(C) एकीकृत न्यायपालिका ✓
(D) न्यायिक पुनरावलोकन

Q.77

राजनीतिक दल और उसके नेता के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए :

(A) राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी - पी. ए. संगमा ✓
(B) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी - एस. सुधाकर रेड्डी
(C) भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - प्रकाश कारात
(D) बहुजन समाज पार्टी - मायावती

Q.78

तीस्ता नदी के जल-बँटवारे पर, भारत का किस पड़ोसी देश के साथ विवाद है ?

(A) नेपाल
(B) पाकिस्तान
(C) बांग्लादेश ✓
(D) भूटान

Q.79

नवंबर, 2013 में, कौन से देश ने अपने नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम के संबंध में P5+1 देशों के साथ एक अंतरिम समझौता किया है ?

(A) इजराइल
(B) ईरान ✓
(C) सीरिया
(D) भारत

Q.80

भारत की विदेशनीति में 'असली गुट निरपेक्षता' का सूत्रीकरण के प्रस्तुतकर्ता थे :

(A) इंदिरा गाँधी
(B) पी. वी. नरसिंह राव
(C) वी. पी. सिंह
(D) अटल बिहारी वाजपेयी ✓

Q.81

शिक्षा मनोविज्ञान का सम्बन्ध है -
(a) शिक्षक से
(b) शिक्षण से
(c) कक्षाकक्ष वातावरण से
(d) विद्यार्थी से
निम्न में से कौनसा सबसे अच्छा विकल्प है ?

(A) सिर्फ (d)
(B) (a) और (d)
(C) (b), (c) और (d)
(D) (a), (b), (c) और (d) ✓

Q.82

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I	सूची-II
I जॉन डीवी	A गेस्टाल्ट
II टिकनर	B संरचनावाद
III कोफ्का	C कृत्यवाद
IV वाटसन	D व्यवहारवाद

(A) I-D, II-B, III-A, IV-C
(B) I-B, II-A, III-C, IV-D
(C) I-D, II-C, III-A, IV-B
(D) I-C, II-B, III-A, IV-D ✓

Q.83

"ज्ञान और अभिवृत्ति की प्राप्ति अधिगम है" अधिगम की उपरोक्त परिभाषा दी है -

(A) क्रो एवं क्रो ने ✓
(B) किंग्सले एवं गेरी ने
(C) हिलगार्ड ने
(D) वुडवर्थ ने

Q.84

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I	सूची-II
I थार्नडाइक	A अनुकूलित अनुक्रिया
II पावलव	B पुनर्बलन का सिद्धान्त
III क्लार्क हल	C अन्तर्दृष्टि सिद्धान्त
IV कोहलर	D उद्दीपन अनुक्रिया सिद्धान्त

कोड :

	I	II	III	IV

(A) D, B, C, A

(B) B, D, C, A

(C) D, A, B, C ✓

(D) A, B, D, C

Q.85

अधिगम प्रक्रिया में सही कड़ी का चयन कीजिए :

(A) लक्ष्य - समायोजन - प्रेरक - परिवर्तन

(B) परिवर्तन - लक्ष्य - प्रेरक - समायोजन

(C) प्रेरक - लक्ष्य - समायोजन - परिवर्तन ✓

(D) समायोजन - प्रेरक - लक्ष्य - परिवर्तन

Q.86

निम्न में से कौनसा अधिगम का निर्मितवाद उपागम है ?

(A) छात्र जो नवीन सूचना को बार बार दोहराकर याद करता है ।

(B) छात्र जो नवीन सूचना की विस्तार से विश्लेषण करता है, व्याख्या करता है और पूर्वज्ञान से जोड़कर सीखता है । ✓

(C) छात्र जो नवीन सूचना, यदि पूर्वज्ञान से जिसे वह सच मानता है, से विरोधाभासी हो तो उसे नहीं सीखता ।

(D) छात्र जो शिक्षक का इन्तजार करता है कि वह उसे विशिष्ट प्रकरण के बारे में उसके पूर्वज्ञान की जानकारी लेकर नवीन सूचना को देगा ।

Q.87

निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?

(A) वृद्धि एवं विकास पर्यायवाची हैं । ✓

(B) वृद्धि में मात्रात्मक परिवर्तन निहित हैं ।

(C) वृद्धि जीवनपर्यन्त नहीं होती ।

(D) वृद्धि के साथ विकास भी होता हैं ।

Q.88

मानव विकास के सम्बन्ध में कौनसा कथन गलत है ?

(A) यह परिपक्वता तक चलता है ✓

(B) यह सतत् प्रक्रिया है

(C) यह परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है

(D) यह जन्मपूर्व अवस्था में भी होता है

Q.89

निम्न में से कौन सी विशेषता व्यक्तित्व को सीधे प्रभावित करती है ?
(a) शारीरिक गठन एवं सामाजिक व्यवहार
(b) मानसिक एवं आध्यात्मिक योग्यता
(c) संवेगात्मक आयाम
(d) अनुभव
नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) सिर्फ (a)
(B) (a) एवं (d)
(C) (b) एवं (c)
(D) उपर्युक्त सभी ✓

Q.90

निम्न में से कौन व्यक्तित्व के बुरे प्रबन्धन के लिए जिम्मेदार है ?

(A) सुपर इगो की अधिकता ✓
(B) अहम्
(C) आकांक्षा की कमी
(D) इड

Q.91

बुद्धि का त्रिआयामी सिद्धान्त है -

(A) स्पीयरमैन का
(B) थार्नडाइक का
(C) गिलफोर्ड का ✓
(D) कर्लिंगर का

Q.92

बालक सृजनात्मक योग्यता रखता है यदि वह -

(A) जिज्ञासावश प्रश्न पूछता है ✓
(B) अधिक नम्बर प्राप्त करता है
(C) आज्ञाकारी है और गृहकार्य पूरा करता है
(D) कक्षा में अनुशासन भंग करता है

Q.93

बुद्धि के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?

(A) बुद्धि वंश क्रम और पर्यावरण की देन है ।
(B) बुद्धि की लम्बवत् वृद्धि जीवनपर्यन्त होती है । ✓
(C) बुद्धि लिंग भेद नहीं करती ।
(D) बुद्धि पर किसी समूह या जाति का जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है ।

Q.94

निम्न में से कौन अभिप्रेरणा का पक्ष नहीं है?

(A) आवश्यकता
(B) दबाव ✓
(C) ड्राइव (प्रेरित)
(D) प्रोत्साहन

Q.95

दृढ़कथन (A) : शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अभिप्रेरणा आवश्यक है।
कारण (R) : अभिप्रेरणा अभिप्राय को स्पष्ट करती है और लक्ष्य की ओर आकर्षित करती है।

(A) सिर्फ (A) सही है एवं (R) गलत है
(B) सिर्फ (A) सही है
(C) सिर्फ (R) सही है
(D) (A) एवं (R) दोनों सही हैं ✓

Q.96

निम्न में से कौनसा कार्य बाह्य प्रेरक है?
(a) कवितापाठ
(b) गणित के प्रश्न हल करना
(c) दौड़ में भाग लेना
(d) चित्र बनाना
नीचे दिए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) सिर्फ (a)
(B) (b) और (d)
(C) सिर्फ (c) ✓
(D) (a) और (c)

Q.97

व्यक्तिगत भिन्नता का ज्ञान अध्यापक को मदद करता है :

(A) कक्षा में अनुशासन बनाए रखने में
(B) छात्रों के गृहकार्य के मूल्यांकन में
(C) शिक्षण अधिगम क्रियाओं की योजना बनाने में ✓
(D) कक्षा में आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने में

Q.98

निम्न में से कौन 'विशेष आवश्यकता वाले बालकों' के वर्ग में आता है ? (a) प्रतिभावान (b) मानसिक रूप से पिछड़े (c) शारीरिक रूप से अक्षम (d) सामाजिक रूप से अक्षम नीचे दिए कोड में से सही उत्तर चयन कीजिए :

(A) (a) और (b)
(B) (c) और (d)
(C) (b) और (c)
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.99

निम्नलिखित में से किस में अनुदेशन सामग्री की अधिकता होती है ?

(A) पाठ्यपुस्तक
(B) कार्य पुस्तक
(C) स्व अनुदेशन पुस्तिका
(D) संसाधन इकाई ✓

Q.100

छात्रों को मानसिक रूप से स्वस्थ एवं स्वच्छ बने रहने के लिए विद्यालय प्रशासन को कौनसा तरीका अपनाना चाहिए ?

(A) घर पर अनुकूल वातावरण देना

(B) बच्चों के मित्रों पर निगरानी रखना

(C) नियमित स्वास्थ्य परीक्षण ✓

(D) शिक्षण की उपयुक्त विधियाँ



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in